भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 3925
गुरुवार, 19 दिसंबर, 2024/28 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

बिरशाल हवाई पट्टी का विकास

3925. श्री रुद्र नारायण पाणी:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि**:**
(क) क्या सरकार का विचार ओडिशा के ढेंकनाल जिले में बिरशाल हवाई पट्टी का और विकास करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उड़ान के अंतर्गत उक्त हवाई पट्टी से उड़ानें संचालित करने का विचार है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ग) क्षेत्रीय संपर्क योजना- उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-उड़ान) एक मांग-आधारित योजना है, जिसमें एयरलाइन प्रचालक किसी विशेष मार्ग पर परिचालन की व्यवहार्यता का आकलन करते हैं और योजना के अंतर्गत समय-समय पर बोली लगाते हैं। एयरलाइनों का चयन पारदर्शी बोली प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है।
आरसीएस-उड़ान योजना के अंतर्गत, असेवित और अल्पसेवित हवाईअड्डों का पुनरुद्धार/उन्नयन वैध बोली के माध्यम से इनकी पहचान होने पर और चयनित एयरलाइन प्रचालक को अवार्ड करके किया जाता है।
ओडिशा के ढेंकनाल जिले में बिरसाल हवाईपट्टी उड़ान दस्तावेज में असेवित हवाईअड्डों की अनंतिम सूची में उपलब्ध है। हालांकि, उड़ान योजना के तहत बोली के पांच चरण पूरे होने के बाद भी किसी भी एयरलाइन ने आज तक बिरसाल हवाईपट्टी से आरसीएस उड़ानें संचालित करने का कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया है।

******